आकाशवाणी चंडीगढ

8 दिसंबर 2025, समय 18:10

मुख्य समाचार

1. लोकसभा में आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा हुई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा - वंदे मातरम ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

2. नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा - विमानन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता, इस मामले में सख्त कार्रवाई होगी।

3. दिल्ली हवाई अड्डा प्रशासन ने कहा - परिचालन सुचारू रूप से जारी, यात्रियों को संबंधित विमानन कंपनियों से उड़ान की स्थिति बारे ताजा जानकारी लेने की सलाह दी।

4. हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने जींद में मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर काम की प्रगति की रिपोर्ट ली, कहा - गुणवत्ता में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

5. हरियाणा में चिकित्स्कों की हड़ताल का मिला-जुला असर देखने को मिला, रोहतक और अम्बाला में हड़ताल बेअसर रही।

************************************************************************

लोकसभा में आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा हुई। चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के मंत्र ने समूचे देश को शक्ति और प्रेरणा दी और स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जावान बनाया।प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम ने वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

*यहीं वंदे मातरम् है जिसने 1947 में देश को आजादी दिलाई। स्वतंत्रता संग्राम का भावनात्मक नेतृत्व इस वंदे मातरम् के जयघोष में था।*

श्री मोदी ने कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी आखिरी सांस तक वंदे मातरम का जयघोष किया।

2-पी एम –फ्रीडम फाइटर -31 सेकंड

*हमारे जांबाज सपूत बिना किसी डर के फांसी के तख्ते पर चढ़ते थे और आखिरी सांस तक वंदे मातरम्, वंदे मातरम्, वंदे मातरम् यही उनका भाव घोष रहता था। खुदीराम बोस, मदनलाल ढींगरा, रामप्रताप बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, रोशन सिंह, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी, राम प्रसाद विश्वास अनगिनत जिन्होंने वंदे मातरम् कहते-कहते फांसी के फंदे को अपने गले पर लगाया था।*

श्री मोदी ने कहा कि जब वंदे मातरम अपनी 100वीं वर्षगांठ मना रहा था, तब देश आपातकाल से प्रभावित था।

3- पी एम–वन्दे मातरम जर्नी -32 सेकंड

*वंदे मातरम् एक सौ 50 वर्ष की यात्रा अनेक पड़ावों से गुजरी है, लेकिन आदरणीय अध्यक्ष जी वंदे मातरम् के जो 50 वर्ष हुए तब देश गुलामी में जीने के लिए मजबूर था और वंदे मातरम् के सौ साल हुए तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जब वंदे मातरम् सौ साल का हुआ तक देशक्ति के लिए जीने-मरने वाले लोगों को जेल की सलाखों के पीछे बंद कर दिया गया। जिस वंदे मातरम् के गीत ने देश को आजादी की ऊर्जा दी थी।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम का विरोध करने वाली मुस्लिम लीग की राजनीति 1937 में शुरू हुई थी। श्री मोदी ने वंदे मातरम पर समझौता करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राष्ट्रीय गीत के मुद्दे पर मुस्लिम लीग के समक्ष समर्पण कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना ने इसके खिलाफ नारे लगाए थे और तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू ने जिन्ना की निंदा करने के बजाय, जिन्ना के विरोध के पाँच दिन बाद ही वंदे मातरम की जांच शुरू कर दी थी।

*************************************************************************

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा है कि विमानन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उड़ान ड्यूटी समय सीमा संबंधित दिशानिर्देशों से संबंधित पूरक प्रश्नों के जवाब में, श्री नायडू ने राज्यसभा में कहा कि सरकार कई उड़ानों के रद्द होने की स्थिति की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इस स्थिति पर गंभीरता से ध्यान दे रही है और इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*************************************************************************

दिल्ली हवाई अड्डा प्रशासन ने बताया है कि हवाई अड्डे पर परिचालन सुचारू रूप से जारी है, हालांकि कुछ उड़ानों को रद्द या उनके समय में परिवर्तन किया जा सकता है। प्रशासन ने बताया कि उड़ान में व्यवधान को कम करने और यात्रियों की निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय किया जा रहा है। यात्रियों को संबंधित विमानन कंपनियों से अपनी उड़ान की स्थिति के बारे में ताजा जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

*************************************************************************

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने आज जींद में जिला अधिकारियों की बैठक बुला कर शहर के विकास कार्यों व मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर काम की प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता को लेकर किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पॉलीटेक्निक को लेकर डॉ. मिड्ढा ने कहा कि इस समय विश्वविद्यालय में ही 16-17 टेक्निकल कोर्स आ चुके हैं।

*************************************************************************

हरियाणा के विभिन्न नागरिक अस्पतालों के चिकित्सक आज से दो दिन की हड़ताल पर चले गए है। वे मुख्य चिकित्सा अधिकारी की सीधी भर्ती का विरोध कर रहे हैं। पलवल में चिकित्सकों ने कहा कि

उनकी हड़ताल दो मुद्दों को लेकर है। उन्होंने कहा कि सीधी भर्ती से उनकी पदोन्नति प्रभावित होगी। इसके अलावा वे एसीपी की मांग कर रहे हैं। कैथल में 58 में से 42 चिकित्सक अवकाश पर रहे। जिस कारण जिला अस्पताल में दूसरे जिलों

से 41 चिकित्सकों को इलाज की जिमीदारी सौंपी गई। कुरुक्षेत्र में हड़ताल से आपातकाल सेवाएं प्रभावित हुई।

*********************************************************************

उधर अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में इस हड़ताल का कोई भी असर देखने को नहीं मिला। रोजाना की तरह आज भी ओपीडी सुचारू रूप से चली। अंबाला नागरिक अस्पताल की पीएमओ पूजा पेंटल ने बताया कि सुबह ही डॉक्टर अपने-अपने काम पर लौट आए और सुचारू रूप से हर काम चलता रहा। रोहतक में भी हड़ताल का कोई असर देखने को नहीं मिला। रोहतक नागरिक अस्पताल में 46 में से 39 डॉक्टर ड्यूटी पर मिले।

*********************************************************************

पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आज राज्य युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। जबकि युवा अधिकारिता एवं खेल मंत्री गौरव गौतम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं संस्कृति पर आधारित विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा –

उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने जीवन का लक्ष्य अवश्य निर्धारित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद द्वारा युवाओं को दी प्रेरणा व शिक्षाओं आज के युवा के लिए भी उतनी प्रासंगिक है जितनी उस समय थी। उनको युवाओं मे नकारात्मकता को छोड़ सकारात्मक होकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बने। युवा अधिकारिता एवं खेल मंत्री गौरव गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि यह राज्य युवा उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि हरियाणा की युवा शक्ति का सबसे बड़ा उत्सव है।

उन्होंने कहा कि यह युवाओं की कला प्रतिभा का संगम है। युवा केवल भविष्य नहीं है बल्कि वर्तमान में देश व हरियाणा प्रदेश की शक्ति है।

*********************************************************************

थानेसर नगर परिषद ने आज अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 100 से 150 मकानों पर बुलडोजर चलाया। प्रशासन ने कई स्थानों पर बने अवैध निर्माण को हटाया। इस दौरान नगर परिषद अधिकारी और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। नगर

परिषद सचिव ने बताया कि अवैध कब्जों को लेकर कई बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन लोगों ने कब्जा नहीं हटाया। मजबूरन प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

**********************************************************************